हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

04 स्वीप अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम ...



08 मूंग फसल को रोग मुक्त रखने किसान दवाई ...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2525 | 4310 |
| गेहूं 1544 | 1900 | 3310 |
| चना | 4700 | 6270 |
| मसूर | 4000 | 6025 |
| सोयाबीन | 2240 | 4550 |
| सरसों | 4350 | 5395 |
| धान | 2200 | 3467 |
| तेवड़ा | 4000 | 5225 |

## खबर संक्षेप

### बाइक, स्कूटी, पैदल, साइकिल रैली, ऑटो और मशाल रैली आज

**विदिशा।** विदिशा करेगा शत प्रतिशत मतदान की थीम पर मेगा इवेंट्स मिशन 10 डेज कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। मंगलवार शाम 6 बजे से बाइक रैली, मशाल रैली, पैदल रैली, साईकिल रैली एवं ऑटो रैली का आयोजन कर मतदान करने का संदेश दिया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने बताया कि बाइक रैली, स्कूटी रैली रामलीला तिराहे से प्रारंभ होगी जो बड़ा बाजार एमएलबी होकर जिला खेल स्टेडियम पहुंचेगी।

### छात्रावास में अनेक प्रतियोगिता आयोजित



**विदिशा।** जिले में संचालित 76 छात्रावासों में गतिविधियां आयोजित कर मतदान करने का संदेश दिया गया। जनजातिया कार्य विभाग की जिला संयोजक पारुल जैन ने बताया कि जिले के 76 छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के मध्य ड्राइंग, निबंध लेखन, वाल पेंटिंग व मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया है। छात्रावासों में शाम को दीप प्रज्वलन कर मतदान का संदेश दिया गया है। इन सभी कार्यक्रमों में छात्रावासी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की है। कलेक्टर श्री वैद्य की पहल पर जिले में संचालित 76 छात्रावासों को विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों के द्वारा गोद लिया गया है। जिलाधिकारी छात्रावासों के सतत संपर्क में हैं।

### कुर्सी दौड़ व 100 मीटर रनिंग प्रतियोगिता हुई

**विदिशा।** स्वीप एक्टिविटी के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हांसुआ में ग्रामीण महिलाओं के मध्य कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की है। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता की प्रशंसा की। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में गांव की ही मैमबाई ने जीत अर्जित की। इसके साथ ही ग्रामीण पुरूष वर्ग के मध्य 100 मीटर रनिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें ग्रामीण नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 100 मीटर रनिंग प्रतियोगिता में गांव के ही अनिल जोशी को विजेता घोषित किया गया।

### कलेक्टर ने राहगीरों को मतदान का न्योता दिया



**विदिशा।** मतदान तिथि सात मई को विदिशा जिले के सभी मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करें। मतदाताओं को मतदान का न्यौता दिया जा रहा है। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य स्वंय मतदाताओं को गुलाब का फूल एवं आमंत्रण पत्रिका देते हुए पीले चावल से मतदान करने का न्यौता दे रहे है। सोमवार सुबह राहगीरों को उन्होंने मतदान करने का न्यौता दिया। अपर कलेक्टर भी मौजूद रहे।

## रात को पत्नी से हुआ था विवाद, पति और चचेरा भाई लेकर गए थे अस्पताल

# जहर खाने से पत्नी की मौत, कार्रवाई के डर से पति और चचेरा भाई ट्रेन के आगे कूदे

पति पत्नी के मामूली विवाद में एक साथ तीन जानें चलीं गईं। पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली तो वहीं पति और उसका चचेरा भाई पुलिस कार्रवाई के डर के कारण ट्रेन के आगे कूद गए। मामूली झगड़े के कारण तीन जिंदगियां समाप्त हो गईं।

### खरीफाटक ब्रिज के पास टुकड़ों में मिले दो शव



विदिशा। पीएम के बाद दोनों चचेरे भाई के शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अटारीखेजड़ा के 20 वर्षीय भूरा अहिरवार और उसकी पत्नी रागिनी का रविवार रात को किसी बात पर झगड़ा हो गया। गुस्से में रागिनी ने जहर खा लिया। रागिनी खुद को खत्म करना चाहती थी, लेकिन उसके गलत निर्णय के कारण दो जानें और चलीं गईं। वह दो जानें थीं उसके पति भूरा (विशाल) और चचेरे भाई अमित की। ग्यारसपुर के तरावली गांव के भूरा अहिरवार ने रागनी से लव मैरिज की थी। रविवार को घरेलू बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। रागिनी का गुस्सा बेकाबू हो गया और उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर पति भूरा उर्फ विशाल चचेरे भाई अमित के साथ रागिनी को विदिशा अस्पताल लेकर आया। जहां इलाज के दौरान रागिनी की मौत हो गई। पुलिस की कार्रवाई से भयभीत होकर दोनों चचेरे भाई खरीफाटक रेलवे ब्रिज के पास पहुंचे और ट्रेन आते ही उसके सामने कूद गए। भूरा उर्फ विशाल तीन भाई, दो बहनें हैं। माता-पिता नहीं हैं, तीनों ही भाई अलग रहते हैं। विशाल मजदूरी करता था। 1 साल पहले ही भूरा ने रागिनी से लव मैरिज की थी। रविवार की रात दोनों के बीच क्या विवाद हुआ इसकी जानकारी किसी को नहीं है। रागिनी की मौत की सूचना के बाद उनके माता-पिता आए। मीडिया ने उनसे भी जानकारी लेनी चाही लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। हां इतना जरुर कहा की 1 साल पहले रागिनी जब घर से भाग कर गई थी तभी हमने उसे मरा मान लिया था। इस मामले में पुलिस भी कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रही है।

### रायपुर बस्ती में किशोर ने लगाई फांसी, मौत

**विदिशा।** शहर की रायपुरा बस्ती में रहने वाले एक नाबालिग ने अपने घर में तौलिए से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि फांसी लगाई जाने के कारण अभी स्पष्ट नहीं है। परिजनों के बयान लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी बाइक, चालक की मौत

**विदिशा।** बीती रात मिर्जापुर के नजदीक वेयरहाउस के सामने खड़े ट्रक में पीछे से बाइक चालक घुस गया। समर बेगमगंज के रघुवीर सिंह अहिरवार एक की मौत हो गई। रामबाबू पिता शिब्बूलाल का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस वेयर हाउस के सामने सड़क के दोनों ओर ट्रकों की लंबी लाइन कई दिनों से लग रही है। अंधेरा होने से दिखाई नहीं देता जिसके कारण हादसा हुआ।

### ठर्र गांव में पेड़ पर लटका मिला शव, पुलिस ने कहा: मामला प्रेमप्रसंग से जुड़ा लगता

**विदिशा।** सोमवार सुबह ठर्र गांव निवासी 22 वर्षीय पर्वत सिंह रैकवार का शव लोगों ने खेत के नजदीक पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका देखा। उसे पुलिस की मदद से मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दोपहर में मेडिकल कॉलेज में शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने इस घटना के पीछे किसी भी प्रकार की कोई जानकारी होने से इनकार किया। वहीं



सिविल लाइन थाना टीआई शाहवाज खान ने बताया कि पूछताछ में फांसी के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला नजर आ रहा है। मामले की बारीकी से जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 17 स्थाई वारंटियों सहित 27 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा, तीन बदमाश चाकू के साथ धराए

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए गुंडे बदमाशों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। एसपी के निर्देश पर थाना कोतवाली, सिविल लाइन, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, करारिया में गश्त की गई। गश्त के दौरान थाना प्रभारियों ने अलग-अलग टीम बनाकर 17 स्थाई वारंटियों, 27 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा। वहीं 38 हिस्ट्रीशीटर, 60 गुंडों एवं 20 जिलाबदर के अपराधियों के घर तक पुलिस टीम पहुंची। कोतवाली पुलिस ने बदमाश नितिन शर्मा उर्फ निक्की निवासी झूलनपीर, शाविर कुरैशी हम्मालपुरा लोहाबजार, अंसार कुरैशी निवासी बड़ा बाजार, संजय धाकड जानकीनगर को चाकू रखे गिरफ्तार किया। जिन पर 25 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है। ग्यारसपुर थाना पुलिस ने आरोपी अमित कुशवाह निवासी औलिंजा को 23 क्वाटर शराब के साथ दबोचा, तो वहीं गुलाबगंज पुलिस ने आरोपी रतिराम अहिरवार निवासी धनियाखेड़ी को 22 क्वाटर शराब के साथ पकड़ लिया। थाना करारिया ने गश्त के दौरान श्रीकांत बघेल निवासी अरवरिया को यात्री प्रतीक्षालय में शराब पीने पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की जा रही इस कार्रवाई से गुड़े बदमाशों में खौफ पैदा करने के लिए पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है।

## लोकसभा चुनाव कराने बड़ी संख्या में वाहन अधिग्रहित

■ जिले के अलावा भोपाल से भी बसें की गई हैं अधिग्रहित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पांचों विधानसभाओं के क्षेत्रों में मतदानकर्मियों के लिए 316 बसें अधिग्रहित की गई हैं। 63 टाटा मैजिक वाहन तथा पुलिस बल के लिए 70 बसें, कुल 386 बसें अधिग्रहित कर ली गई हैं।

जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि वाहन 5 मई की शाम 6 बजे निर्धारित स्थान पर उपस्थित होंगे। पुलिस बल के लिए बसें जरुरत के हिसाब से अलग अलग तारीखों को पुलिस विभाग को उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिले में उपलब्ध बसों के अतिरिक्त 110 बसें भोपाल जिले से प्राप्त की जा रही हैं। जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा निर्वाचन कार्य हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारियों आदि के लिए आवश्यक 271 बुलेरो, स्कार्पिओ आदि छोटे वाहनों को अधिग्रहित किए जाने कलेक्टर द्वारा जारी अधिग्रहण आदेश के तहत अब तक 220 बुलेरो, स्कार्पिओ आदि छोटे वाहनों को तामिल कराए जा चुके हैं एवं ऐसे वाहनों को अधिग्रहण आदेश तामील कराने का कार्य निरंतर जारी है। सेक्टर मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारियों आदि के लिए आवश्यक वाहन 4 मई की सुबह 11 बजे तक निर्धारित स्थान पर उपस्थित होंगे। इसके अतिरिक्त लोकसभा निर्वाचन कार्य एवं पुलिस बल के लिए समय-समय पर आवश्यक ट्रक, बंद बॉडी वाले ट्रक एवं अन्य वाहन अधिग्रहण आदेश के पालन में अधिग्रहित कर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### सालों से फरार स्थाई व गिरफ्तारी वारंटियों को दबोच लाई देहात पुलिस

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सिविल लाइन थाना टीआई शाहवाज खान ने बताया कि एसपी के निर्देश के बाद स्थाई और गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार करने के लिए कांबिंग गस्त की गई। रात में की गई इस कांबिंग गस्त में पांच टीमें थाना स्तर से बनाई गई। जिन्हें मंडीदीप, नटेरन, बैरसिया, भोपाल और अन्य जगहों पर भेजा गया। जिसमें 12 स्थाई वारंटी और 4 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किए गए। उन्होंने बताया कि इसमें कई ऐसे अपराधी हैं जिनके खिलाफ वारंट सालों पहले जारी किए गए थे और वह लंबे समय से फरार थे। काफी मेहनत के बाद 16 अपराधियों की धरपकड़ की गई है। जिन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सख्ती कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## दूसरे दिन तक 1547 ने डाक मत से मतदान किया प्रशिक्षण केंद्रों पर आज भी रहेगी मतदान की सुविधा

■ प्रशिक्षण स्थलों पर ही सुविधा केंद्र बनाए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया को कराने नियुक्त मतदानकर्मियों के साथ-साथ अति आवश्यक सेवा श्रेणी में शामिल विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा डाकमत पत्र से मतदान किया जा रहा है।

विधानसभा स्तरीय मतदानकर्मियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण स्थलों पर मतदान की विशेष सुविधा प्रशिक्षणार्थी व मतदानकर्मियों के लिए सुनिश्चित की गई है। संयुक्त कलेक्टर एवं डाकमत पत्र की जिला नोडल अधिकारी निकिता तिवारी ने बताया कि जिले की पांचों विधानसभाओं में मतदानकर्मियों के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण स्थलों पर ही सुविधा केंद्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर मतदानकर्मी डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान कर रहे है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 30 अप्रैल मंगलवार तक आयोजित किया जाएगा। उक्त अवधि के उपरांत शेष मतदानकर्मियों के लिए मतदान की सुविधा जिला मुख्यालय के एसडीएम कार्यालय में बनाए गए सुविधा केंद्र पर नियमानुसार मतदान कर सकेंगे। डाकमत पत्र की नोडल अधिकारी सुश्री तिवारी ने बताया कि विदिशा

### डाकमत पत्र से मतदान करने की सुविधा

प्रशिक्षण स्थलों पर मतदानकर्मियों के लिए डाकमत पत्र से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है प्रथम दो दिन तक हुए मतदान की जानकारी देते हुए डाकमत पत्र प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी सुश्री तिवारी ने बताया कि अब तक विदिशा विधानसभा में 766 ने मतदान किया है। बासौदा में 317 ने, कुरवाई में 165 ने तथा सिरोंज में 44 ने और शमशाबाद विधानसभा में 255 मतदान कर्मियों के द्वारा डाक मत से मतदान किया जा चुका है।

जिले की पांचो विधानसभाओं में दो दिनों में कुल 1547 मतदानकर्मियों के द्वारा डाकमत पत्र से मतदान किया गया है। दूसरे दिन रविवार को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 सागर के अंतर्गत आने वाली विदिशा जिले की तीन विधानसभाओं में कुरवाई विधानसभा क्षेत्र में 115 मतदानकर्मियों ने मतदान किया है। सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में 34 ने तथा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 179 मतदानकर्मियों ने मतदान किया है। जबकि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र विदिशा की विधानसभा 144 विदिशा में सर्वाधिक 462 ने तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 145 बासौदा में 216 मतदान कर्मियों के द्वारा मतदान किया गया है।

## ग्रामीण ठान लें तो 100% मतदान कोई बड़ी बात नहीं: डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सोमवार को ग्राम पंचायत हांसुआ (कछवा) के ग्रामीणों को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने मतदान का महत्व समझाया।

कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हांसुआ कछवा में आयोजित पालक शिक्षक मीटिंग के दौरान उपस्थित ग्रामीण जनों, पालकों व स्कूली छात्र-छात्राओं से कहा कि यदि गांव के नागरिक ठान लें तो हंड्रेड प्रतिशत मतदान कोई बड़ी बात नहीं है। कलेक्टर श्री वैद्य ने स्कूली छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके विद्यालय में विद्यार्थियों के किसी एक विषय में 100 नंबर आ सकते हैं तो हंड्रेड प्रतिशत मतदान करने में छात्र-छात्राएं भी अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं यदि इस बार हंड्रेड प्रतिशत मतदान कराएंगे तो गांव का मान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि गांव में जो मतदाता हैं उनकी सूची बनाइए और उन्हें खोजिये कि कौन कहां निवास करता है। गांव के प्रत्येक मतदाता से डोर-टू-डोर संपर्क कर उन्हें अपने अधिकारों से अवगत कराएं। और बताएं कि मतदान करना कितना महत्वपूर्ण है। गांव को एक ऐसे मॉडल के रूप में विकसित करें और दिखा दें कि गांव के लोग हंड्रेड प्रतिशत जागरूक हैं। गांव का प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग है।

स्वीप गतिविधि के क्रम में विदिशा करेगा शत प्रतिशत मतदान थीम पर आयोजित किये जा रहे मेगा इवेंट्स मिशन 10 डेज के तहत ग्राम पंचायत हांसुआ कछवा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पालक शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया गया।

## आज व कल कराएंगे होम वोटिंग

### 85 साल से अधिक आयु के 306 मतदाताओं को यह सुविधा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के 85 प्लस आयु के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मिलेगी। होम वोटिंग का कार्य मंगलवार 30 अप्रैल एवं बुधवार एक मई को किया जाएगा। जिले के 306 मतदाता सुगमता से मतदान कर सकें इसके लिए उनके घर पहुंचकर मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कुल 306 मतदाताओं को होम वोटिंग सुविधा दी जा रही है। जिले की पांचों विधानसभाओं में टीम गठित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले के जिन 306 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जा रही है उनमें 85 प्लस आयु वर्ग के 228 तथा 78 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। जिले की विदिशा विधानसभा में कुल 141 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जाएगी जिनमें 85 प्लस आयु वर्ग के 107 तथा 34 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

## ब्राह्मणों को रिझाने आए उपमुख्यमंत्री



विदिशा। उप मुख्यमंत्री पंडित राजेन्द्र शुक्ल सोमवार को विदिशा आए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश की भाजपा सरकार के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सोमवार को विदिशा पहुंचे और उन्होंने ब्राह्मण मतदाताओं को रिझाने के लिये विनायक वैंकट हाल में एक बैठक ली। बैठक में उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने ब्राह्मण समाज के लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान के पक्ष में मतदान करने का आव्हान किया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन श्यामसुंदर शर्मा ने किया। बैठक में नपा में सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा सहित भाजपा

## लोकसभा चुनाव 2024 | मतदान प्रतिशत बढ़ाने प्रशासन ने एक साथ की पेरेंट्स मीटिंग

# 2300 स्कूलों में मतदान करने किया जागरुक

■ मनोरंजन के साथ गांव गांव पहुंचा मतदान करने का संदेश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के सभी 2300 स्कूलों में सोमवार को एक साथ पेरेंट्स मीटिंग का रिकॉर्ड बनाया। मीटिंग में एक लाख 30 हजार 838 पालक शामिल हुए। पेरेंट्स को स्कूलों मनोरंजन के माध्यम से मतदान करने की याद दिलाई गई।

महिलाओं के बीच कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, रैली, वाद विवाद तथा केरम व दौड़ प्रतियोगिता सहित अन्य ग्राम स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिपं सीईओ ने बताया कि यह पहली बार हुआ है कि एक ही तिथि एक ही समय पर स्कूलों में पेरेंट्स मीटिंग आयोजित की गई है और सभी को मतदान करने के लिए अभिप्रेरित किया गया है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की कुल 2629 स्कूलों में कुल 2434 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें एक लाख 30 हजार 838 अभिभावकों द्वारा सहभागिता निभाई गई है। प्रत्येक विकासखंड स्तरीय संख्यात्मक जानकारी के अनुसार बासौदा के 464 स्कूलों में 438 गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें 17640 अभिभावक शामिल हुए।



विदिशा। स्कूलों में खेल गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता संदेश दिया गया।

ग्यारसपुर के 234 स्कूलों में 223 कार्यकम हुए। इनमें 6503 ने सहभागिता निभाई। कुरवाई में 305 स्कूलों में 289 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों में 11769 तथा लटेरी की 302 स्कूलों में 264 कार्यक्रमों में 15678 नटेरन के 375 स्कूलों में 375 मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों में 38567 व्यक्तियों ने सहभागिता निभाई। सिरोंज के 458 स्कूलों में 372 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां 7121 ने सहभागिता निभाई। विदिशा में 491 स्कूलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें 33559 अभिभावकों के द्वारा सहभागिता निभाई गई।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4210
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3160
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2200
उच्चतम भाव- 2350
चना
न्यूनतम भाव- 4180
उच्चतम भाव- 6315
मसूर
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-6140
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4620
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-5350
सरसों
न्यूनतम भाव-4535
उच्चतम भाव-5500
उड़द
न्यूनतम भाव-7810
उच्चतम भाव-7810
धान
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-2715
अलसी
न्यूनतम भाव-4450
उच्चतम भाव-4861
बटरी
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6215
धनिया
न्यूनतम भाव-6100
उच्चतम भाव-6120

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 31037 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई चल रही है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।

## खबर संक्षेप

### भजन संध्या का आयोजन 1 मई को

**गंजबासौदा।** वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान 1 मई को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम एवं कराओके म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। समाज के मनोज गुप्ता ने बताया कि मतदाताओं को जागरुक करने के लिए संगीत संध्या का आयोजन बुधवार को शाम 7 बजे सिटी सेंटर कॉलोनी कार्यालय प्रांगण में किया गया है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की है।

### नेशनल लोक अदालत 11 मई को

**गंजबासौदा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश के पालन में 11 मई शनिवार को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी के अनुसार उक्त दिनांक को आयोजित नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, अधिकरण एवं चेक बाउन्स प्रकरण से संबंधित लंबित प्रकरण एवं नगरपालिका, बैंक, विद्युत विभाग एवं दूरसंचार विभाग के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी ने क्षेत्र के सभी पक्षकारों से लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की है।

### रंगोली, मानव श्रृंखला, चेयर रेस सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं

# स्वीप अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर किया मतदाताओं को जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा








आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी तारतम्य में सोमवार को नगर के अनेक विद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा स्वीप अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक किया गया। इस अवसर पर नवांकुर में शिक्षक पालक संपर्क उत्सव कार्यक्रम का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया।

इस आयोजन के लिए विद्यालय में एक दिन पूर्व ही पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी। इस अवसर पर 77 प्रतिशत पालकगण विद्यालय में उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित पालकगणों द्वारा सरस्वती माता की पूजन कर दीप प्रज्वलित गया। छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश देती हुई विभिन्न आकार व डिजाइनों में मनमोहक रंगोलियाँ बनाई गई तत्पश्चात प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने पालकों को संबोधित करते हुए आगामी सत्र की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा बीते वर्ष विद्यालय की विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। नवांकुर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालने के साथ ही आपने अपने नौनिहालों को कक्षा 12वीं तक मोबाइल न देने का पालकगणों से आग्रह किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत उपस्थित सभी पालकगणों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को निष्पक्ष होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात मतदाता जागरूकता पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियाँ छात्र-छात्राओं के द्वारा दी गई। इस दौरान काव्या मेहता तथा प्रियांशी दुबे ने कविता व कृतिका मैथिल ने भाषण प्रस्तुत किया।

उधर नौलखी धाम पर संपन्न हुई रामायण कथा में नवांकुर के विद्यार्थियों द्वारा लट्ठमार होली नृत्य की प्रस्तुति दी गई थी। इस नृत्य को यहाँ पर भी प्रस्तुत किया गया, जिसकी प्रशंसा उपस्थित पालकगणों द्वारा की गई। सत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले विद्यार्थियों के कर कमलों द्वारा विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान स्वीप गतिविधि के अंतर्गत पत्र लेखन में सत्यम शर्मा प्रथम, नीलू लोधी द्वितीय, भूमि सोनी तृतीय, माध्यमिक विभाग में अंबिका कुशवाह प्रथम, नित्या तोमर द्वितीय, नैंसी साहू तृतीय तथा निबंध लेखन में युगश्रेष्ठ सिंह रघुवंशी प्रथम, रिद्धि रघुवंशी द्वितीय, ऋषभ रघुवंशी तृतीय व प्राथमिक विभाग में पार्थ तोमर प्रथम, दिव्या दुबे द्वितीय, रितिका दांगी तृतीय को भी पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात मंसापूर्ण हनुमान मंदिर वाली गली में मतदाता जागरूकता हेतु पालकगणों द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं की चेयर रेस संपन्न कराई गई, जिसमें उत्साह के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। अंत में चेयर रेस में भाग लेने वाली महिलाओं को भी पुरस्कृत किया गया। संदीप रावत ने कार्यक्रम का संचालन किया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। वहीं स्वीप नोडल एवं सीईओ भगवान सिंह द्वारा जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर मतदाता जागरूकता हेतु ग्रामीणों को पीले चावल देकर मतदान हेतु आमंत्रित किया गया। वहीं मतदान हेतु मतदाताओं को शपथ भी दिलाई गई। अपने भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत ककरावदा, मोरोदा, त्योंदा, पिपराहा, बूढ़ी बागरोद, कस्बा बागरोद में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं देखी एवं सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मतदान हेतु सभी शासकीय विभागों द्वारा मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप अंतर्गत गतिविधियां आयोजित की जा रही है। शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी एवं अन्य विभागों द्वारा रैली, रंगोली, मेहंदी, थाली सजाओ, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिससे आगामी 7 मई को होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके।

इस मौके पर एडीईओ रामशरण शर्मा, पुष्पेन्द्र सूर्यवंशी, अक्षय रघुवंशी, आश्रुति शर्मा सहित संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, जीआरएस एवं ग्रामीण मतदाता मौजूद रहे। वहीं डॉल्फिन विद्यालय में पालक शिक्षक संपर्क का आयोजन किया गया। इसमें पालकों को छात्रों की उपलब्धियां एवं कमजोरियों से अवगत कराया गया। इस हेतु कक्षा बार छात्रों एवं माता-पिता को बुलाकर उनसे विस्तृत चर्चा की व छात्रों को घर पर स्वाध्याय हेतु प्रेरित किया तथा स्वीप गतिविधि के माध्यम से अभिभावकों को मतदान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई व उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अभिभावकों व शिक्षकों को मतदान की शपथ दिलाई गई व उनके द्वारा विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा मतदान से संबंधित जागरूकता प्रदान करने के लिए नाटकों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अभिभावकों के मध्य चेयर रेस तथा क्रिकेट का भी आयोजन भी किया गया। जिसमें विजयी अभिभावकों को मेडल व शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विद्यालय में पांचवी व आठवीं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा उनके अभिभावकों को विद्यालय के प्राचार्य संदीप जेटली ने विगत वर्ष की उपलब्धियों एवं आगामी सत्र की कार्ययोजना से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नीतू तनवानी ने किया। इस दौरान नोडल अधिकारी नीतेश मेहता विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे। वहीं शासकीय उत्कृष्ट उमावि में स्वीप गतिविधि अंतर्गत पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा पालक और छात्र, छात्राओं ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा ने सभी को अनिवार्य रुप से मतदान करने की शपथ दिलाई। तत्पश्चात मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्टॉफ द्वारा महिला एवं पुरुष पालकों की कुर्सी दौड़ कराई गई।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा खेल प्रतियोगिताओं में विजेता पालकों महिला वर्ग में पार्वती पाल एवं पुरुष वर्ग में संतोष अहिरवार को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में समीक्षा जैन ने आभार व्यक्त किया। उक्त सभी कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पालकों ने शामिल होकर मतदान करने की शपथ ग्रहण की।

## श्रीराम कथा में केवट चरित्र का विस्तार से प्रसंग सुनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इमला धाम में श्री मौनी महाराज के आशीर्वाद से चल रही श्री रामकथा में अष्टम दिवस में पं. प्रेमानन्द ने भगवान राम का चित्रकूट की महिमा में केवट चरित्र प्रसंग के बारे में बताया। केवट पूर्व जन्म में मछवारा था और भगवान का अनन्य भक्त था। जब भगवान श्री राम गंगा पार उतरने के लिए घाट पर पहुंचे। तब केवट से भगवान ने कहा कि हे केवट भैया हमें उस पार उतारो तब केवट ने कहा प्रभु आपके चरणों के प्रभाव से गौतम नारी अहिल्या पत्थर बन गई अगर ये मेरी नाव आपके चरणों के स्पर्श से पत्थर बन गई तो मेरे परिवार का क्या होगा, मेरी रोजी-रोटी इससे चलती है। भगवान आपके में बड़ा प्रभाव है।

इसलिए में इन चरणों को अपने कठोते में गंगाजल भरकर धोना चाहता हूँ। और केवट ने भगवान के चरण पखारे तथा चरणामृत का पान किया और भगवान को गंगा पार उतारा। जानकी जी ने जब रत्न जड़ित मुद्रिका केवट को दी, तो केवट ने मुद्रिका लेने से मना कर दिया और भगवान से कहा हे प्रभु मैंने आपको गंगा पार उतारा है। आप मुझे इस भव से पार उतारो। साथ ही महाराज ने चित्रकूट की महिमा, जयंत प्रसंग, श्री राम और हनुमान मिलन, वाली वध, जटायु का उद्धार, सीता हरण आदि प्रसंग सुनाए।

## राष्ट्रहित में ब्राह्मण समाज करे मतदानः उप मुख्यमंत्री




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सोमवार को दोपहर नगर में आए एवं ब्राह्मण समाज व प्रबुद्ध जनों के एक सम्मेलन में सम्मिलित हुए। वहां उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोगों से उन्होंने यह अपील की कि जिस प्रकार ब्राह्मण समाज ने सदैव राष्ट्रीय हित को सदैव ऊपर रखा है। आज इस बात की आवश्यकता है कि पुनः ब्राह्मण समाज, जाति और समाज से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करें और राष्ट्र हित में काम करने वाले हाथों को मजबूत करें।

इसी तारतम्य में सोमवार को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गंज बासौदा का दौरा किया और स्टेशन रोड पर स्थित एक निजी होटल स्थानीय सभा कक्ष में प्रबुद्ध ब्राह्मण समाज के लोगों को संबोधित किया और उनसे यह अपील की कि ब्राह्मण समाज का दायित्व है कि वह राष्ट्रीय हितों में काम करने वाले हाथों को मजबूत करें। ऐसे में हम सबका कर्तव्य है कि जनता, एक जन कल्याणकारी जननेता को अधिक से अधिक समर्थन देकर संसद में पहुंचाएं। ब्राह्मण समाज व प्रबुद्ध जन के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि ब्राह्मण सदैव ही राष्ट्र हित सर्वोपरी की भावना से कार्य करता है उन्होंने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी थे तब उन्होंने ही देश को परमाणु संपन्न बनाया और पोखरन में परमाणु परीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ला ने बताया की उस अमेरिका के तात्कालिक राष्ट्रपति का फोन भी अटल जी पर आया था और उन्होंने परमाणु परीक्षण करने से रोका था लेकिन राष्ट्रहित में उन्होंने अमेरिका तक की नहीं मानी।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम सुंदर शर्मा, चंद्रशेखर दुबे, रामकिशोर शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, रूपेंद्र शर्मा, सुनील गिरी, कपिल शर्मा, अमरीश बेलगैंया, अरविंद दुबे, नीरज मिश्रा, विपिन तिवारी, सौरभ शर्मा, पवन रिछारिया सहित अनेक ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के नगर आगमन पर अगवानी के लिए क्षेत्र के विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, जिला उपाध्यक्ष नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, भाजपा नेता गगन दुबे, अमित शुक्ला सहित अनेक भाजपा जनों ने नगर सीमा ग्राम पचमा पहुंचकर उप मुख्यमंत्री शुक्ला का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

### ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण 1 मई से

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विकासखंड द्वारा निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 से 31 मई तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें खिलाड़ियों को कबड्डी ताइक्वांडो एवं जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बालिकाओं के लिए आत्म रक्षा के गुण भी सिखाए जाएंगे।

### आठ माह से बंद पड़ी है नल-जल योजना



**गंजबासौदा।** ग्राम रोजरू बीलाढाना की टंकी पिछले 8 महीने से बंद पड़ी है। जिससे गर्मियों में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जब ग्रामीण संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन लगाते हैं तो वह फोन नहीं उठाते। नल जल योजना पूर्ण होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा नल जल योजना को चालू नहीं किया जा रहा है। ग्राम में 2 करोड़ रुपए की लागत से दोनों टंकियों का काम पूरा हो चुका है। मगर नल जल योजना को चालू नहीं किया गया है। इसकी शिकायत ग्रामीण लिखित में कलेक्टर से भी कर चुके हैं लेकिन अभी तक नल जल योजना चालू नहीं हुई है।

### अभिभाषक संघ की बैठक में लिया निर्णय

**गंजबासौदा।** अभिमाषक संघ के सदस्य हरिप्रसाद शर्मा एडवोकेट द्वारा लगातार किए जा रहे संघ विरोधी कृत्यो के संबंध में संघ की सामान्य सभा बुलाई गई। जिसमें हरिप्रसाद शर्मा एडवोकेट के द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उन्होने स्वयं के हितों को देखते हुये न्यायालय नवीन स्थान पर ले जाने के लिए स्वयं के अध्यक्ष रहते हुये बिना कार्यकारिणी की सहमति एवं अभिभाषक संघ के विरोध के बाबजूद सहमति दी तथा वर्तमान में न्यायालय के न्यायिक क्षेत्राधिकार से शमशाबाद को हटाये जाने एव सेशन न्यायालय का क्षेत्राधिकार लटेरी किये जाने के संबंध में बिना संघ की सहमति के तथा लटेरी अभिभाषक संघ से मिलकर न्यायमूर्ति का प्रोटोकॉल तोडकर उक्त कृत्य किया है। जिसको भी उनके द्वारा सामान्य समा के समक्ष स्वीकार किया जाकर सामान्य सभा द्वारा हरिप्रसाद शर्मा एडवोकेट द्वारा किये गये कृत्यों पर आगे कार्रवाई करने हेतू कार्यकारिणी को अधिकृत किया। जिसके पालन में कार्यकारिणी द्वारा उनकी सदस्यता एवं बैठक व्यवस्था अभिभाषक संघ गंज बासौदा से सर्वसम्मति से समाप्त कर दी गई है। अब वह अभिभाषक संघ गंज बासौदा के सदस्य नहीं हैं।

### साप्ताहिक श्रमदान 3.0 का तीसवां चरण आयोजित

## श्रमदान दल के साथ शादी की वर्षगांठ मनाकर मिशाल पेश की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेतवा नदी स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए श्रमदान दल द्वारा निरंतर चलाए जा रहे साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 का रविवार को बीसवां चरण आयोजित हुआ। अपने साप्ताहिक श्रमदान कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्रमदानियों ने रिपटा घाट के आस पास लगभग आधा किलोमीटर क्षेत्र को प्लास्टिक पॉलीथिन एवम गंदगी मुक्त किया। श्रमदनियो ने घाट के साथ साथ नदी के जल में डाली गई प्लास्टिक पॉलीथिन, प्लास्टिक थैले एवम बोरियां, तेल, पानी, साबुन, शैम्पू एवम गुटका तंबाकू पाउच, इधर उधर कटाए गए बाल, गंदे कपड़े, सर्जिकल सामग्री, एलोपैथिक दवाइयां, पूजन व हवन सामग्री आदि को बोरियों में भर कर एक स्थान पर एकत्रित किया गया। ताकि उक्त सभी सामग्री नदी के जल को और अधिक प्रदूषित न करें।

श्रमदान दल के साप्ताहिक श्रमदान के दौरान एक अनूठा मामला सामने आया, जब कपड़ा व्यवसाई सचिन जैन अपनी पत्नी ऋतु और बालक आरव जैन के साथ बेतवा नदी रिपटा घाट पहुंचे। उन्होंने अपनी शादी की वर्ष गांठ दल के सदस्यों के साथ मनाई। जब जैन दंपती से इसका कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नदी जल एवम पर्यावरण संरक्षण की श्रमदान दल की पहल से काफी प्रभावित है और कई कारण है हमने इस विशेष दिन को श्रमदान दल के साथ मानने का निर्णय लिया और एक पौधा लगाने का संकल्प लिया, साथ दंपति लोगों से भी आग्रह किया कि वह भी श्रमदान दल द्वारा जारी पहल को आगे बढ़ाए और नदी जल स्वच्छता,सरंक्षण एवम पर्यावरण संवर्धन में अपना योगदान दें। कुछ नहीं तो कम से कम एक वृक्ष जरूर जरूर लगाएं। रविवार को स्वच्छता अभियान में जैन दंपति के अलावा श्रमदान दल एवं हिंदू चेतना सेवा समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।

## लायंस क्लब की आधिकारिक यात्रा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




लायंस क्लब की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं रीजन पर्सन व जोन चेयरपर्सन की आधिकारिक यात्रा होटल योगेश्वरी में संपन्न हुई। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन, जेपीएस जौहर फर्स्ट लेडी पूनम जौहर, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी अलका विजय, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट ट्रेजरर लायन गुलशन छाबड़ा, लायन सीएल गोयल, लायन अशोक कोठारी एवं सीइओ प्रकाश गोयल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर व कृष्णकांत नामदेव द्वारा सरस्वती वंदना गाकर की गई। इसके बाद कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष लायन मनीषा गोयल द्वारा काफ़ी भव्य व अलग अंदाज़ में किया गया एवं स्वागत उद्बोधन के माध्यम से क्लब की जानकारी दी गई। लायन मधुलता अग्रवाल द्वारा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जौहर द्वारा क्लब की गतिविधिओं को सराहा गया। अध्यक्ष लायन मनीषा गोयल द्वारा आयोजित कराई गई। पीस पोस्टर प्रतियोगिता की भी बहुत प्रशंसा की गयी। इस अवसर पर आए लायन क्लब के वरिष्ठ आधिकारियो द्वारा निःशुल्क जल के लिए वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया व क्लब की तरफ़ से स्वागत बोर्ड लगवाया गया एवं ट्री-गार्ड के साथ पौधरोपण किया गया। साथ ही क्लब द्वारा समाज सेवियों का स्मृति चिन्ह, शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष लायन शिवंगी दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों को मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष, सचिव व लायन आशा, लायन निक्की गर्ग लायन विनीता गोयल, लायन नीलम रघुवंशी, लायन आरती गर्ग, लायन विजय अरोरा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### 19 मई से होगा डॉ. गीता जैन का योग एवं अध्यात्म विकास शिविर

**गंजबासौदा।** स्वयं स्वस्थ बनो अभियान के तत्वावधान में मुंबई से आ रहीं योग साधिका डॉ. गीता जैन दीदी का बहुप्रतीक्षित योग एवं अध्यात्म विकास शिविर 19 से 28 मई को प्रातः 6 बजे से मील रोड़ स्थित महावीर विहार में संपन्न होगा। ज्ञात हो कि डॉ. गीता जैन मध्यप्रदेश सहित सम्पूर्ण भारत में योग द्वारा स्वास्थ्य लाभ एवं अध्यात्म विकास शिविरों का आयोजन करती हैं। पूर्व के वर्षो में भी नगर में शिविर लगाए गए हैं, जिनसे कई साधकों को लाभ हुआ है। शिविर की तैयारियों के संबंध में अनुराग जैन के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ज्ञानचंद जैन, प्रो इंदीवर जैन, प्रणय जैन, परवेज फजलानी, प्रदीप जैन, मोहित समैया, संजय जैन, आशीष जैन, अनुराग जैन, प्रद्युम्न जैन, अनिता जैन, मधु ओसवाल, वीरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में सहसाधक उपस्थित थे। मौके पर ही लगभग 30 लोगों के पंजीयन किए गए। पंजीयन के लिए नेहरू चौक पर कक्का की दुकान, प्रणय जैन, त्योंदा रोड संजय जैन, दिगपाल रघुवंशी, अनुराग जैन, शुभ स्टील्स, वीरेंद्र शर्मा पटवारी, सुनीता भावसार एवं परवेज फजलानी से संपर्क किया जा सकता है।

### भारत सरकार की योजना में शामिल होकर अपनी आगे की पढ़ाई रखें जारी

# अंक तो कागज पर इबारत है, अंकों से नहीं हौसलों से मिलती है सफलता : डॉ मोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पिछले दिनों कक्षा 10वी-12वी बोर्ड परीक्षा में एमपी बोर्ड,सीबीएसई बोर्ड,मदरसा बोर्ड,रूक जाना नही, राज्य ओपन जैसे बोर्ड से काफी संख्या में परीक्षा देने के पश्चात कई छात्र इस वर्ष असफल हो गए हैं। या पिछले वर्षो में इन बोर्डो से असफल होकर कई छात्रो ने अपनी पढाई छोड़कर घर बैठ गए हैं। तो कई छात्र परीक्षा देने के बाद जब असफल होते है तो उनमें से कई आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। और अपने जीवन को समाप्त करने को तैयार हो जाते है। ऐसे छात्रों को भारत सरकार ने एनआईओएस सीबीएसई बोर्ड के समकक्ष द्वारा एक ऐसी योजना प्रांरभ की है जिससे छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन छात्रों को रोजगार भी मिल सकता है। इसके लिए शिक्षाविदों एवं डॉक्टरों ने छात्रों को इस योजना के अंतर्गत योजना का लाभ लेने लिए सलाह दी।

शिक्षाविद ओपी विश्वकर्मा ने बताया कि विगत दिनो पूर्व माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। वही इस वर्ष परीक्षा परिणाम में अनेको छात्र-छात्राओं को असफलता का सामना करना पडा। यह परिणाम केवल एक कक्षा का परीक्षा परिणाम है जीवन का अंतिम परिणाम नही,अभी राहें बहुत है,इसलिए फिर से संकल्प लें,दृढ निश्चय और अपने आप पर विश्वास के साथ इस परीक्षा में शामिल हों और अगली कक्षा में जाने की पात्रता हासिल करें। यह समय बच्चों के साथ उनके पालकों के लिए भी विशेष है। पालकों को भी अपने बच्चों का ध्यान रखना चाहिए, उनका हौसला बढ़ाना चाहिए ताकि वे इस असफलता को भूलकर फिर से बुलंद हौसलों के साथ आगे अपनी परीक्षा की तैयारी करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।



#### एनआईओएस में प्रवेश की सरल प्रक्रिया

जो छात्र बोर्ड परीक्षा में फेल हो गए हैं तो उन छात्रो के पास एक और मौका है, जिससे साल बर्बाद होने से बचा सकते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) में स्ट्रीम-दो में एक मई से दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इसके तहत आवेदन करने वाले छात्रों की अक्तूबर और नवंबर में परीक्षा कराई जाएगी। दिसंबर में इसका परिणाम जारी होगा। इसके साथ ही, एनआईओएस फेल छात्रों के लिए ऑन डिमांड एग्जाम का विकल्प भी देता है। इसके तहत फेल छात्र के मूल बोर्ड से जिन दो विषयों में पास हैं, उनके अंक एनआईओएस की ओर से ऐसे ही जोड़ दिए जाएंगे। छात्र को केवल तीन विषयों की परीक्षा देनी होगी। ऑन डिमांड एग्जाम के लिए आवेदन करने पर एक से डेढ़ महीने के अंदर परीक्षा हो जाएगी। इस वर्ष जो छात्र कक्षा 10वीं एवं 12वीं में तीन या चार विषयों में असफल हो गए हैं। वह छात्र एनआईओएस में प्रवेश लेने के बाद इसी वर्ष की परीक्षा में शामिल होकर इस सत्र की अंकसूची प्राप्त कर सकते है। छात्रों को एनआईओएस में प्रवेश लेने के लिए काफी सरल प्रक्रिया है। जिससे कि छात्र कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्तीर्ण होकर अपनी आगे की पढाई कर सकेंगे।

#### छात्र आवेदन कहां और कैसे प्राप्त कर सकते हैं

*एनआईओएस की इस योजना में कक्षा 10वी,12वीं फेल विद्यार्थी को उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्र एक सरल आवेदन कर सकता है। जिसमें कक्षा 10वी या 12वी की अंकसूची,आधार कार्ड एंव पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सर्वोदय हायर सेकेण्ड्री स्कूल सिरोंज में कॉडिनेटर से परामर्श ले सकते है। साथ ही छात्र 9826821405, 9926534396, 6263668029 इन नम्बरों पर सम्पर्क कर आवेदन के लिए परामर्श लें सकते हैं।*

#### छात्र टेंशन लेने के बजाए आने बढ़ें और अपना लक्ष्य हासिल करें

*डॉ मोहित जैन टिंकल का कहना है कि अंक तो कागज पर लिखी इबारत रहती हैं। अंकों से नहीं बल्कि हौसलों से सफलता मिलती है। जीवन में सफलता और असफलता आपके हौसले तय करते हैं। जिन बच्चों के नतीजे बेहतर नहीं आए हैं, उनके अभिभावक न खुद टेंशन लें और न बच्चों को टेंशन दें। टेंशन से बचें। बच्चों का आकलन स्वयं करें। यह समय धैर्य और सावधानी का है। इस उम्र में बच्चे ज्यादा संवेदनशील होते हैं। यही समय है जब देख पाएंगे आपका बच्चा किस फील्ड में बेहतर है। यदि पढ़ने में मन नहीं लग रहा है तो अंकों को लेकर ज्यादा दबाव न बनाएं। कोई भी अंक जीवन की दिशा को तय नहीं करते हैं। यदि आपको लगता है कि बच्चे को काउंसलिंग की जरूरत है तो मनोचिकित्सक की सलाह लें। जरूरी नहीं कि जो परीक्षा में टॉप करेगा या अच्छे अंक लाएगा, वही आगे चलकर बेहतर बन पाएगा। क्योकि अंकों से जीवनयापन नहीं होता है।*

### लघु नाटक का मंचन किया

## केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में मतदाताओं को किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के कष्टम पथ स्थित केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में मतदाता जागरूक अभियान के तहत एक लघु नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही पालकगणों को मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। वही एक विशेष असेंबली का आयोजन किया गया, जिसमें क्लास 6 जी और 7जी के छात्रों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने एक छोटा सा नाटय प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से वोटिंग प्रक्रिया तथा वोट डालने के महत्व को समझाया गया। मतदान के महत्व को बताते हुए मतदान समय में आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, निर्वाचन पहचान पत्र, आदि की जानकारी दी गई। जो पेरेंट्स मतदान करने के लिए घर से नहीं निकलते उन्हें मतदान केंद्र तक लाने के लिए एवं मतदान में अपने मत महत्व समझाया गया। तत्पश्चात विद्यालय में उपस्थित पालकों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर निर्देशक श्वेता आनंद त्यागी ने कहा हमें हमारा मत ऐसे नेता को देना चाहिए जो उन्नति और विकास को बढ़ावा देने की क्षमता दूरदर्शिता और समर्पण भाव रखें। क्योंकि ऐसे नेताओं के हाथों में हमारे देश का भविष्य सुरक्षित रहता है।

### अनूठा सामाजिक मार्गदर्शन

## शादी समारोह में रघुवंशी समाज ने रक्तदान कर की नई पहल



**सिरोंज।** नगर के पालीवाल कॉलोनी स्थित पालीवाल गार्डन में विवाह समारोह के आयोजन के दौरान रघुवंशी समाज द्वारा एक अनोखी पहल की शुरुआत की। रघुवंशी समाज के तहसील अध्यक्ष जितेन्द्र रघुवंशी के परिवारजनों एवं दूल्हा-दुल्हन ने विवाह के दौरान रक्तदान करने की एक सामाजिक पहल की शुरुआत की। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे,वरिष्ठ भाजपा नेता एंव जनपद सदस्य प्रंशात पालीवाल,वरिष्ठ किसान नेता एंव राष्ट्रीय समन्वयक सुरेन्द्र रघुवंशी सहित दूल्हा-दुल्हन के परिवार जनों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया।

## विज्ञापनों के संबंध में आयोग ने जारी किए निर्देश

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन अवधि के दौरान प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों को प्रभावशील कर लागू किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन में आदर्श आचार संहिता को सर्वोपरि मान्य किया गया है। आयोग ने कहा है कि समाचार माध्यमों से प्रकाशित-प्रसारित करने के पूर्व विज्ञापनों के मामले में यह सुनिश्चित किया जाए की उनमें नैतिकता एवं शिष्टता हो तथा किसी की भी धार्मिक भावनाओं को आघात ना पहुंचे। आयोग ने स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए हैं कि ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाए जो किसी भी जाति, धर्म, रंग, पंथ और राष्ट्रीयता का उपहास करता हो। ऐसा विज्ञापन जो संविधान के किसी भी उपबंध के विरूद्ध हो, प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार अपराध करने, हिंसा करने या लोगों को भड़काने की प्रवृत्ति रखता हो, किसी भी प्रकार की अश्लीलता दर्शाता हो, राष्ट्रीय समप्रतीक का अनादर करता हो, नारी के लिए किसी भी प्रकार से अपमानजनक हो या उपहास करता हो, दहेज, बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराईयों से लाभ उठाता हो आदि से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं किए जाने चाहिए।

## यातायात नियमों का पालन कराने के लिए प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की जा रही है वाहनों की चालानी कार्रवाई

### यातायात नियमों के प्रति नागरिकों को किया जा रहा जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले नागरिको पर यातायात पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही कर नियमों का पालन कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यातायात प्रभारी रीतेश बघेला द्वारा अपनी टीम के साथ नगर के मुख्य चौक-चौराहो पर पहुचकर नियमों का उल्लंघन करने वाले नागरिको पर कार्यवाही की जा रही है। वही रविवार को यातायात पुलिस द्वारा नगर के नया बस स्टैंड,लटेरी नाका पर विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 15 चालान पर 9800 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से फटाखे की आवाज वाली बुलेट, अनाधिकृत डी जे, तीन सवारी, बिना नंबर, हेलमेट, अनाधिकृत हूटर, सर्च लाइट, तेज गति से वाहन चलाने वालो पर कार्यवाही एवं सभी चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर हिदायत दी गई की सभी यातायात नियमों का पालन कर स्वयं अपनी एवं अन्य लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

## चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक लेने कुरवाई आए केबिनेट मंत्री पटेल



**कुरवाई।** सागर संसदीय क्षेत्र से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ लता बानखेड़े के पक्ष में विधानसभा कुरवाई में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक लेने मध्यप्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल कुरवाई आए। इस अवसर पर विधायक हरि सिंह सप्रे, सप्रे समेत भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मीडिया से चर्चा करते हुए केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कांग्रेस ने 60 वर्ष तक शासन किया लेकिन कभी पिछड़ा वर्ग की चिंता नहीं की, न ही आज तक 60 वर्षों में पिछड़ा वर्ग कमीशन बनाया। कांग्रेस जातिगत जनगणना के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रही है।

### ग्राम राजपुर में शक्ति केंद्र की बैठक आयोजित

**कुरवाई।** भाजपा मंडल कुरवाई के राजपुर शक्ति केंद्र पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। विधायक हरि सिंह सप्रे ने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया। मतदान प्रतिशत अधिक हो सके इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को मतदान के दिन अधिक से अधिक घरों में संपर्क करने के लिए कहा एवं राजपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक सिंह राजपूत में विधायक सप्रे के सामने भाजपा में सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी जनपद सदस्य दीपचंद सप्रे हनीफ खान सरपंच रामराज सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष मनीष सैनी मेहरबान लोधी ओंकार सिंह जाट मुकेश सिंह राजपूत दीनदयाल कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

## मौसम की मार: खेतों में टमाटर की फसल सूखने की स्थिति में पहुंची



**बरेली।** पिछले 15 -20 वर्षों में बाड़ी बरेली क्षेत्र टमाटर उत्पादन खेती का विशेष क्षेत्र हब बन गया हैं। प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक टमाटर देश प्रदेश की मंडियों में भेज कर किसान अपनी आर्थिक उन्नति कर रहे हैं। इस वर्ष बार -बार मौसम बदलने , वेमौसम बारिश के कारण गेंहू ,चना की फसलों के साथ हरी सब्जियों की फसले विशेषकर हरी मिर्च , टमाटर की फसलें प्रभावित होने से उत्पादन में भारी गिरावट आने , गर्मी , शीत के प्रभाव से पौधे पर रोगों का प्रकोप और सूखने की स्थिति से किसानों ने खेतों को बखरना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के हजारों किसान वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन कर रहे हैं। खरीफ में बासमती धान की खेती, रवि सीजन में गेंहू ,चना और हरी सब्जियों विशेष कर टमाटर , गिलकी, लौंकी, हरीमिर्च ,बेगन की खेती किसानों द्वारा की जाने से गर्मी भर, देश की मंडियों में भेजा जाता हैं।

मार्च एवं अप्रैल माह में बार -बार बादल छाने के साथ बारिश हुई। जिसका व्यापक असर सब्जी की फसलों पर रहा। विभिन्न रोगों का प्रकोप हुआ। तेज गर्मी के मौसम में पिछलें दिनों हुई लगातार बारिश ने फसलों को झुलसा दिया। मौसम की मार से हरी भरी टमाटर , हरी मिर्च , लौंकी गिलकी ,बेगम की फसलों के पौधें सूखने से किसानों ने समय से पूर्व खेतों को बखरना शुरू कर दिया हैं। जिससे हरी सब्जियों का उत्पादन कम होनें से भाव भी बढ़ते जा रहे हैं।

## बिजली न मिलने से मूंग की फसल में नहीं हो पा रही सिंचाई से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

क्षेत्र के हजारों किसानों द्वारा वर्ष में तीन फसलों का उप्पादन किया जा रहा हैं। धान गेंहू के बाद गर्मी में मूंग की खेती कर किसान अपनी आर्थिक उनन्ति कर रहे हैं। वर्तमान समय में गांव -गांव गर्मी के सूखें , झुलसा देने वाले सीजन मूंग की हरियाली खेतों में दिखलाई दे रही हैं। पर्याप्त समय विजली न रहने से मूंग फसलों की सिंचाई कठिन होने की नुकसानदायक स्थिति का सामना किसानों को करना पड रहा हैं।



#### मूंग में कीटनाशकों का भारी उपयोग

गेंहू की कटाई वाद हजारों किसानों द्वारा मूंग की खेती की जा रही हैं। `प्रतिवर्ष मूंग का रकवा भी बढ़ता जा रहा हैं। मूंग की फसलों की गर्मी , तेज धूप में बार -बार सिंचाई करना पड़ती हैं। जिसमें विजली न रहना सबसे बड़ी बाधा बन रही हैं। मूंग फसल उगते ही किसानों द्वारा रोगों कीट प्रकोप नियंत्रण के लिए कीटनाशक दवाइयों का बार -बार उपयोग किया जाता हैं। मात्र 2 माह में पक कर तैयार होने वाली मूंग में किसानों द्वारा 6-8 बार कीटनाशकों का उपयोग किए जाने की स्थिति बनती हैं।

जिस मूंग के पैदा होने से लेकर कटाई तक कीटनाशकों के अंश पहुंचने के साथ मूंग का स्वाद की बदलता जा रहा हैं। कभी बीमार होने पर मूंग की दाल -दलिया खाने की डाक्टर वैध द्वारा सलाह दी जाती थी। अब की कीटनाशकों के भारी उपयोग से उत्पादन हो रही मूंग की दाल स्वास्थ्य के लिए कितनी लाभप्रद उपयोगी होगी खोज का विषय बन रहा हैं।

#### मूंग फसलों की बार -बार सिंचाई

भीषण असहनीय गर्मी , गर्म हवाओं के जोर और तेज धूप में मूंग की खेती करना अत्याधिक जोखिम भरा रहता हैं। मूंग की फसल न सूखे , अ'छी बढ़वार हो इसके लिए बार -बार सिंचाई की जाती हैं। जब से मूंग की बोवनी हुई हैं। बिजली न रहने की बाधा और नलकूपों का निरन्तर नीचे गिरता भूजल स्तर सिंचाई में बांधा बन रहा हैं। किसानों की लो वोल्टेज , बिजली अव्यवस्था के कारण मोटरें जल रही हैं। घंटों विजली गायब रहने से किसानों को बिजली के इंतजार में रतजगा करना भी मजबूरी बन रहा हैं।




## ग्राम झूड़ा में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**गढ़ाकोटा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार महेश कुमार शर्मा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय एवं अजय सिंह जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के मार्गदर्शन में, सुश्री सोनल सिंह जादौन, व्यवहार न्यायाधीश/अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति गढ़ाकोटा के दिशा-निर्देशन में, अम्बर श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गढ़ाकोटा की अध्यक्षता में ग्राम झूड़ा, तहसील गढ़ाकोटा, जिला सागर में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीश अम्बर श्रीवास्तव ने मध्यस्थता योजना, नेशनल लोक अदालत, घरेलु हिंसा, किशोर न्याय अधिनियम से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने छोटे-छोटे प्रकरणों को पंचायत स्तर पर राजीनामा के माध्यम से निपटा लेने की सलाह दी। अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा जमील कुरैशी ने निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता योजना अंतर्गत निःशुल्क अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर प्रभारी सचिन साहू ने विधिक संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु कार्यालय तहसील विधिक सेवा समिति में संपर्क स्थापित करने की सलाह दी। उक्त कार्यक्रम में राजाराम कोरी अधिवक्ता, ग्राम झूड़ा के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### तालाब में फूल-मालाएं व अन्य सामग्री न डालें नागरिकगण: निगम आयुक्त

## चौराहों व तिराहों के आजू-बाजू खाली पड़ी भूमि को हरा भरा या पेपर ब्लॉक लगाकर धूल रहित बनाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

शहर के चौराहों एवं तिराहों के आजू-बाजू में खाली पड़ी भूमि को हरा भरा किया जाए या पेवर ब्लॉक लगाए जाएं ताकि स्थान रिक्त न रहे और धूल एकत्र न हो तथा सभी चौराहे-तिराहे सुंदर दिखें इसलिए इंजीनियर और जोन प्रभारी स्थानों को चिन्हित कर उनकी सूची प्रस्तुत करें ।

इस आशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान दिए।उन्होंने निर्देश दिए कि रोड की सफाई करते समय उनके आजू-बाजू में लगी धूल मिट्टी की परत को पहले साफ किया जाए तथा शहर के मुख्य मार्गो की सफाई के साथ रोड के साइड लगी धूल, मिट्टी की परत को भी आवश्यक रूप से साफ किया जाए। इसके अलावा शहर के मुख्य मार्गो की रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई कराई जाए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मोतीनगर थाने के सामने से भूतेश्वर होते हुए भाग्योदय अस्पताल तक जाने वाली सड़क पर किए गए डामरीकरण कार्य का भी निरीक्षण करते हुए रोड पर लाइनिंग करने के निर्देश दिये ताकि सड़क पर यातायात व्यवस्थित चलता रहे । इस दौरान निगमायुक्त ने गोला कुआं से गोपाल मंदिर की ओर बनाई गई सड़क का भी निरीक्षण किया।




## डेफोडिल्स स्कूल का कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा रहा उत्कृष्ट

### दीक्षा धाकड़ का जिले की प्रवीण सूची में दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

एमपी बोर्ड 10 वीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम में डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल की छात्रा कुमारी दीक्षा धाकड़ पुत्री गजेंद्र धाकड़ ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रवीणता सूची में प्रथम और जिले की प्रवीण सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर नगर एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाए जाने से हर्ष बना हुआ है। मास्टर हर्ष धाकड़ पुत्र योगेंद्र सिंह धाकड़ ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रवीणता सूची में द्वितीय स्थान , कुमारी ऋषिका धाकड़ पुत्री सुप्यार सिंह धाकड़ ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 96 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें 80 प्रतिशत छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की और 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए । प्राचार्य ने विद्यालय को मिली शानदार उपलब्धि के लिए छात्र -छात्राओं की बड़ी मेहनत शिक्षकों के प्रभावी नियमित शिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही स्कूल संचालक मंडल डेफोडिल्स परिवार ने छात्र -छात्राओं की सफलता पर बधाई शुभकामनाएं दी।



## मतदान प्रतिशत बढ़ाने 1 से 6 मई तक होंगी विभिन्न गतिविधियां

### रायसेन में बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला में स्वीप नोडल अधिकारी ने कहा-

# रायसेन को मतदान में नम्बर 'वन' बनाना है

◆ *विधानसभा चुनाव में जिले में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन






लोकसभा आम निर्वाचन में विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के सांची, सिलवानी और भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु रायसेन स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला सोमवार को सम्पन्न हुई। जिसमें जिला पंचायत सीईओ तथा स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने बूथ लेवल अवेयरनेस गुप के सदस्यों, बीएलओ से कहा कि वह अपने-अपने मतदान केन्द्रों में शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु प्रयास करें।

सभी को मिलकर रायसेन को मतदान में नम्बर वन बनाना है। बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप में शामिल शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्व-सहायता समूहों की सदस्य, एएनएम सहित अन्य सदस्य डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए 07 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती भदौरिया ने कहा कि विगत विधानसभा निर्वाचन में सभी के समन्वित प्रयासों से जिले में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। लोकसभा निर्वाचन में इससे भी अधिक मतदान सम्पन्न कराना है। सभी पूरी लगन और मेहनत से प्रयास करें। एक-एक मतदाता को मतदान केन्द्र तक लाकर मतदान कराना है।

उन्होंने बताया कि अधिक मतदान प्रतिशत होने पर पुरस्कृत तथा सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बीएलओ से कहा कि सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण करते समय बताएं कि मतदान के दिवस मतदाता पर्ची के साथ वोटर आईडी, आधार कार्ड या अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र जरूर साथ लाएं।

कार्यशाला में एसडीएम पीसी शाक्या, नायब तहसीलदार सांची नियती साहू तथा सीएमओ रायसेन सुरेखा जाटव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

#### मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य पर मिलेगा सम्मान

*लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कृष्ट करने पर संबंधितों को सम्मानित भी किया जाएगा। सेक्टर अंतर्गत 95 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले मतदान केन्द्रों के सुपरवाईजर/बूथ लेवर ऑफिसर/सचिव/ग्राम रोजगार सहायक, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, स्व-सहायता सचिव आदि को सम्मानित किया जाएगा। ऐसी ग्राम पंचायत जहां 90 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ हो वहां पटवारी/सचिव/ग्राम रोजगार सहायक/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/आंगनवाड़ी सहायिका तथा आशा कार्यकर्ता को सम्मानित किया जाएगा। ऐसे नगरीय वार्ड जिसमें 85 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ हो वहां सीएमओ/वार्ड प्रभारी/आंगनवाडी कार्यकर्ता/आंगनवाडी सहायिका/संबंधित शासकीय कर्मचारी को सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तरीय स्वीप कमेटी द्वारा विशेष जिला स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम में चयनित अधिकारी/कर्मचारी को (संबंधित विधानसभा) सम्मानित किया जाएगा।*

#### 01 मई से 06 मई तक होगी विभिन्न जागरूकता गतिविधियां

स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती भदौरिया ने कहा कि सभी बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप अपने-अपने क्षेत्र में 1 मई से 5 तक प्रातः 11 बजे प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि 5 मई को ही तीनों विधानसभाओं सांची, सिलवानी और भोजपुर के प्रत्येक निकाय पर शाम 5 बजे मतदाता जागरूकता रैली निकाली जाएगी तथा समापन पर मतदान की शपथ दिलाई जाएगी। इस रैली में सभी अधिकारी, कर्मचारी, स्व-सहायता समूहों सहित अन्य वर्गो की भी भागीदारी होगी। इसके पश्चात 6 मई को घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदाताओं को 7 मई को मतदान केन्द्र आकर वोट करने के लिए आमंत्रित करना है।



## हलाली पर बन रहा इंटकवेल : भोपाल के 36 व सांची के 25 गांव को मिलेगा पानी

### 30 जून तक होने लगेगी पानी की सप्लाई, कई गांवों को फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।



दो जिलों भोपाल और रायसेन के 61 गांवों में पानी की समस्या हल करने के लिए हलाली समूह जलप्रदाय योजना बनाई गई है। योजना के लिए 98 करोड़ 72 लाख की लागत से कार्य हो रहा है। दहीड़ा में फिल्टर प्लांट बनाया जा रहा है। गांवों में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए 18 टंकियों का निर्माण हो रहा है जिसमें से 10 टंकियां बनकर तैयार हो गई हैं। बाकी का काम भी जारी है 30 जून तक काम पूरा कर पानी की सप्लाई की कंपनी बात कर रही है वहीं 30 अगस्त तक फिल्टर प्लांट भी चालू होने का दावा किया जा रहा है। जल विकास निगम भोपाल और रायसेन द्वारा संयुक्त रूप से इस योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत इस योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना का कार्य भी अब अंतिम चरणों में चल रहा है।

#### फिल्टर प्लांट से गांव की टंकियों में पहुंचेगा पानी

इस योजना के लिए हलाली बांध पर एक इंटकवेल बनाया जाएगा, जबकी जायला गांव में फिल्टर प्लांट का निर्माण होगा। 7.75 एमएलडी क्षमता वाले इस फिल्टर प्लांट से गांव-गांव बनने वाली टंकियों में पानी पहुंचा जाएगा। यह योजना तीस साल तक बढ़ने वाली आबादी को ध्यान में रखकर बनाई गई है। 2023-24 में इस योजना से 74 हजार 164 लोगों को पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि 2037 में 101975 और 2052 में 142402 लोगों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

#### भोपाल के 36 गांव भी होंगे लाभान्वित

*फंदा ब्लाक के आचारपुरा, अमोनी, अरखेड़ी, अरवलिया, आलमपुर, बरखेड़ी अब्दुल्ला, छाछेड़, डोब, डोबरा, फतेहपुर, गनियारी, गरमुर्रा, गासीपुरा, घाटखेड़ी, इमलिया, ईंटखेड़ी सड़क, इस्लाम नगर, कल्याणपुरा, मुंगालिया कोट, परेवाखेड़ा, परवालिया सेनी, पिपलिया जागीर, प्रेमपुरा, पुरामन भवन, रासलाखेड़ी, रुसाली चूना नगर, समरथा, सेमरा सैयद, सेवनिया ओमकारा, श्यामपुर, सूखी सेवनिया, देवलखेड़ी एवं खामखेड़ा में भी हलाली बांध का पानी पहुंचाया जाएगा, ताकि इन गांवों में पानी की समस्या को हल किया जा सके।*

#### सांची जनपद क्षेत्र के इन गांवों को मिलेगा पानी

*सांची ब्लाक के 25 गांवों अंबाड़ी, बनखेड़ी, बरजोपुर, बेरखेड़ी, छोला, दहिड़ा, दीवानगंज, जामुनिया, कचनारिया, कड़ईया, कायमपुर, केमखेड़ी, खोहा, कुल्हाड़िया, मुक्तापुर, मुरलीखेड़ी, मुस्काबाद, नरखेड़ा, निंनोद, नरोद, पिपल्या, संग्रामपुर, सरार, सेमरा और टिंगरा गांव में घरों में तो पानी मिलेगा ही स्कूल और आंगनबाड़ियों में भी बच्चों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।*

#### बचा हुआ काम 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा

*अभी फिनिशिंग का काम बाकी है। बचा हुआ काम 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा और पानी की सप्लाई भी शुरू हो जाएगी। दहीड़ा गांव में बन रहे फिल्टर प्लांट को भी 30 अगस्त तक पूरा कर लेंगे। योजना में 61 गांवों को लाभ मिलेगा। जिसमें सांची क्षेत्र के 25 और भोपाल क्षेत्र के 36 गांव शामिल होंगे। वहीं 18 टंकियों में से 15 टंकियों का काम अंतिम चरणों मे हैं। 10 टंकिया पूरी भी हो चुकी हैं।*

*- दिलीप विश्नोई, साइड इंचार्ज।*

#### बचा हुआ काम 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा

*हलाली समूह जलप्रदाय योजना बनाई गई है। इस योजना के लिए 98 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से कार्य हो रहा है। जो अंतिम चरणों में चल रहा है। योजना से क्षेत्र के कई गांवों को फायदा मिलेगा।*

*- कालूराम मीणा, सरपंच ग्रा.पं. खोहा।*

## शक्ति गांव में गिट्टी की चूरी लेकर जा रहा डंपर पलटा

### बिजली का खंबा टूटा, बड़ा हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

सलामतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम शक्ति में रोड निर्माण के लिए गिट्टी की चूरी लेकर केमखेड़ी गांव जा रहा डंपर रोड किनारे पानी निकासी के लिए पंचायत द्वारा खोदी गई नाली में डंपर का पहिया आ जाने से अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे बिजली का खंबा टूटकर धराशाई हो गया। खंबा टूटने से गांव की बिजली गुल हो गई।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि दो बकरियां भी उसी जगह पर बंधी थी जिनका अभी तक कोई पता नहीं चला है। डंपर के नीचे दबने का अंदेशा जताया जा रहा है।

वहीं ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम केमखेड़ी में रोड का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। जिससे ग्राम शक्ति से होकर भारी डंपर निकलते हैं। उसी की वजह से पूरा सीसी रोड खराब हो गया है।

स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से ऐसे ओवरलोड डंपरों पर कार्रवाई करने की मांग की है। क्योंकि ओवरलोड डंपरों की वजह से पूरा रोड खराब हो रहा है।

## शासकीय माध्यमिक शाला में मिशन अंकुर एफएलएन के तहत हुआ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।



शासकीय माध्यमिक शाला सत्ती में मिशन अंकुर एफएलएन कार्यक्रम के अंतर्गत शाला में बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा एक दो एवं तीन के छात्र-छात्राओं के साथ उनके माता पिता शाला में पहुंचे अपने-अपने बच्चों को सीखने में आ रही कठिनाइयों पर पालकों की राय एवं विचार जाने एवं उन कठिनाइयों को कैसे दूर किया जा सके विस्तार से चर्चा की गई। और बच्चों के वर्ष 2023 24 की मूल्यांकन प्रगति से पालकों को अवगत कराया गया एवं बच्चों द्वारा की गई गतिविधियों में पालकों को सम्मिलित किया गया। खो खो, कबड्डी, चम्मच दौड़, रस्सी कूद आदि कार्यक्रम में बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर बच्चों के माता-पिता एवं शिक्षक मौजूद रहे। जिनमें विजय सिंह राजपूत, खेमचंद मालवीय प्राथमिक शिक्षक, सौदान सिंह राजपूत, नेहा अहिरवार अतिथि शिक्षक सहित परिजन शामिल रहे।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत

**रायसेन।** जिले के गैरतगंज थाना अंतर्गत ग्राम खामखेड़ा निवासी गोलू अहिरवार 70 वर्षीय दादा गोपी अहिरवार को बाइक से ग्राम सईदपुर ले जा रहा था। करहोला और राजपुरा के बीच में एक तेज रफ्तार कार (एमपी 04 ईडी 6093) के चालक ने लापरवाही से ड्राइविंग करते हुए आगे जा रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें 70 वर्षीय गोपी अहिरवार की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गोलू अहिरवार के पैर में फ्रैक्चर और सिर में चोट होने के कारण जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। सूचना पर बेगमगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक के शव का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## न डायवर्सन न अनुमति बन गई कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



फाइल

कृषि भूमि पर आवासीय भूखंड काटकर विक्रय करने का धंधा तेजी से पैर पसार रहा है। इस धंधे में हिंग लगे न फिटकरी, रंग चोखा आए की तर्ज पर न तो डायवर्सन, न अनुमति और न ही राजस्व भुगतान की आवश्यकता होती है। यही विक्रित भूखंडबेनामी अवैध कॉलोनियों में तब्दिल होकर चुनावकाल में वैधता पा जाती है।

जानकारी के अनुसार नगरीय सीमा क्षेत्र से सटी कृषि भूमि पर आवासीय भूखंड काटकर विक्रय करने का धंधा तेजी से पैर पसार रहा है। इस धंधे में न तो रेरा की अनुमति होती है और न ही भूमि के डायवर्सन की बाध्दता होती है। कृषि भूमि को आवासीय भूखंडों में विक्रय करने से मुनाफा भी तगडा होता है। शासकीय दर से दोगुनी दर पर भूखंड बिकते है लिहाजा भूमिस्वामी और दलाल इस धंधे में तन्मयता से जुटे है। नगरीय सीमा क्षेत्र में ऐसे ही कई अवैध कॉलोनिया मूर्तरूप ले चुकी है। जिनमें इन सभी अवैध कॉलोनियों में एक समानता है, जिसमें भूमिस्वामी राजनैतिक दल से जुड़ा है तो दलाल को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है। इसलिए प्रशासन भी नियमों की अनदेखी कर कार्यवाही करने की बजाये नतमस्तक हैं।

नगरीय सीमा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में ऐसे ही कृषि भूमि पर आवासीय भूखंड काटकर भिन्न-भिन्न नामों से कई अवैध कॉलोनियों का निर्माण हो चुका है जहाँ बिजली, पानी, रोड जैसी मूलभूत सुविधाओं के अते-पते नहीं है। इन कॉलोनियों का संबंधित विभाग में पंजीयनतक नहीं है। इन कॉलोनियों को संचालित करने वाली फर्मों का फर्म एवं सोसायटी में पंजीयन नही है। महज राजनैतिक संरक्षण के बलबूते यह धंधा बेरोकटोक चल रहा है। चुनावकाल आते ही वोट हासिल करने के लिए अवैध कॉलोनिया वैध घोषित कर दी जाती है। इससे जहाँ दलालों को प्रश्रेय मिल रहा है

#### कार्यवाही ठंडे बस्ते में

*तत्कालीन कमिश्नर कविन्द्र कियावद ने कृषि भूमि पर आवासीय भूखंड काटकर अवैध कॉलोनी निर्माणकर्ता कथित कॉलोनाइजरों पर सख्त कार्यवाही कर प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने अवैध कॉलोनाइजरों के विरुध्द कार्यवाही भी आरंभ की थी किन्तु कमिश्नर की सेवा निवृत्ति के साथ ही सारी कार्यवाही ठंडे बस्ते में डाल दी गई।*

#### आयकर की भी बचत

*इस धंधे से शासन को डायवर्सन शुल्क, रेरा शुल्क, कॉलोनी निर्माण अनुमति शुल्क, नगरीय निकाय शुल्क के रूप में जहाँ लाखों की आर्थिक क्षति हो रही है। वहीं भूमि स्वामी एवं भूखंड विक्रेता दलालों को लाखों की आय हो रही है। आयकर का भी भुगतान नहीं करना पड़ रहा।*

## पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान का सांची में हुआ स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

भाजपा के संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सांची में जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की तैयारी एक दिन पूर्व से ही शुरू कर दी गई थी नगर में जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए जहां से कार्यकर्ताओं ने एवं आम नागरिकों ने फूल बरसा का पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत किया। रोड शो करने के बाद एक सभा आयोजित की गई, जिसमें प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को जनता के बीच रखते हुए उनके पक्ष में मतदान करने की। अपील की कार्यक्रम में शामिल हुई महिला शक्ति को नमन करते हुए उनका आशीर्वाद लिया।

### रेत के ओवरलोड डंपर व ट्राली के अवैध परिवहन पर अंकुश नहीं

## प्रशासन की नजरों के सामने हो रहा रेत का अवैध परिवहन

◆ प्रशासन के लिए चुनौती बन रहे रेत माफिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



अवैध रेत परिवहन करने वालों पर स्थानीय प्रशासन और जिला कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। खुलेआम धड़ल्ले के साथ अवैध रेत एवं मिट्टी का परिवहन कर ऊंचे दरों में विक्रय किया जा रहा है। हालांकि खनिज विभाग रेत माफियाओ पर लगातार कार्यवाही करने का दावा कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी रेत का अवैध परिवहन व उत्खनन पर रोक नही लग पा रही है।

नगर में प्रतिदिन अवैध रेत से भरी अनेको ओवरलोड ट्रालियां विक्रय हेतु आ रही है। लेकिन कार्रवाही किए जाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हुए है। शिकायत किए जाने पर कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसकी वजह से अवैध खनिज माफिया प्रशासन के लिए खुली चुनौती बने हुए है। खनिज विभाग के उदासीन रवैये के चलते खनिज माफिया सक्रिय हो रहे हैं। इससे राजस्व विभाग को चूना लग रहा है। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद वे चुप्पी साधे हुए हैं।

शिकायत होने पर प्रशासन कार्रवाही के नाम पर दिखावा कर इतिश्री कर लेता है। फल स्वरुप द्वारा गिने चुने कुछ लोगों को पकड़ा जाता है। वहीं नाममात्र के लिए कार्रवाई अवैध उत्खनन व परिवहन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अवैध रेत परिवहन में बजरंग चौराहा और नया बस स्टैंड गढ़ बन चुका है। उदयपुर रोड पर से अनेको की संख्या में रेत से से भरे डंपर व ट्राली रोजाना अवैध रेत का परिवहन कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक अवैध उत्खनन करने वालों की राजनीतिक व प्रशासनिक स्तर पर अच्छी खासी पकड़ा है। कृषि विभाग से कृषि के नाम पर ट्रैक्टर खरीद कर माफिया खनन कार्य में ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग करते नजर आ रहे हैं। माफिया 24 घंटे अपना काम कर रहे हैं। चाहे दिन हो या रात नदियों में उत्खनन करते नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के नदी नालों सहित गांवों में अवैध उत्खनन का कार्य चल रहा है लेकिन इस ओर न तो स्थानीय प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न खनिज विभाग द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही है।

## मूंग फसल को रोग मुक्त रखने किसान दवाई, सिंचाई का प्रबंध करेंः कृषि अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



मूंग की फसल के बेहतर उपज व रोग मुक्त रखने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी फील्ड मे पहुंच कर किसानो को लगातार सलाह दे रहे है, ताकि किसान फसल की अधिक उपज ले सके। प्रभारी कृषि विकास अधिकारी नफीस नें ग्रीष्म कालीन फसलों मूंग व उड़द एवं सामान्य फसल की देखभाल करने तथा फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ ही फसल को रोगमुक्त रखने के लिए परामर्श दिया है।

उन्होंने कृषकों से कहा कि वे ग्रीष्मकालीन मूंग व उड़द फसल में उचित समय पर सिचांई करें। फसल की अच्छी वृद्धि एवं विकास के लिए 3 से 4 सिंचाई आवश्यक हैं। अनावश्यक रूप से सिंचाई करने पर पौधों की वनस्पतिक वृद्धि ज्यादा हो जाती है जिसका उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

अब सिंचाई आवश्यकतानुसार व हल्की करें नमी बनी रहे तथा बढ़ते तापक्रम का फसल पर कम से कम प्रभाव पड़े। फसल पर रस चूसक कीट का प्रकोप दिखाई देने पर डायमिथोएट 30 प्रतिशत ईसी 2 मिली या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल 0.2 मिली पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। फसल में 20-25 दिन की अवस्था पर खुरपी या अन्य उपकरण से निराई गुड़ाई करें। खरपतवार नियंत्रण हो सके।